**Which one of the following categories of urban households take the highest percentage of loan from the formal sector?**

(a) Poor households
(b) Households with few assets
(c) Well-off households
(d) Rich households

20. **निम्नलिखित में से कौन-सी वैश्वीकरण की एक चुनौती है ?**

(a) नए बाज़ारों तक पहुँच (b) नई प्रतिभा तक पहुँच
(c) अंतर्राष्ट्रीय भर्ती होना (d) अनुपातहीन वृद्धि होना

**Which one of the following is a challenge of Globalisation ?**

(a) Access to New Markets
(b) Access to New Talent
(c) International Recruitment
(d) Disproportionate Growth

## खण्ड-ख

## SECTION-B

21. **(क)** इटली के प्रदेशों को एकीकृत करने वाले आंदोलन के नेतृत्वकर्ता मुख्य मंत्री कावूर की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

**अथवा**

**(ख)** उन्नीसवीं शताब्दी के दौरान यूरोप में उदारवादी राष्ट्रवाद के विचारों की परख कीजिए ।

**(a)** Analyze the role of Chief Minister Cavour who led the movement to unite the regions of Italy.

**OR**

**(b)** Examine the ideas of liberal nationalism in Europe during the nineteenth century.

22. भारत में वन्यजीव संरक्षण के लिए किन्हीं दो उपायों का सुझाव दीजिए।

Suggest any two ways to conserve wildlife in India.

23. 1956 में श्रीलंकाई तमिलों की नाराजगी क्यों बढ़ गई ? स्पष्ट कीजिए ।

Why did the feeling of alienation increase among the Sri Lankan Tamils in 1956 ? Explain.

24. "ऋण कर्जदार को ऐसी परिस्थिति में धकेल देता है, जहाँ से बाहर निकलना काफी कष्टदायक है।" इस कथन की परख कीजिए।

"Credit pushes the borrower into a situation from which recovery is painful." Examine the statement.

## खण्ड-ग

## SECTION-C

25. **(क)** यूरोप में मुद्रण किस प्रकार अस्तित्व में आया ? व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

**(ख)** किताबों तक पहुँच आसान होने से किस प्रकार पढ़ने की एक नई संस्कृति विकसित हुई ? व्याख्या कीजिए।

**(a)** How did print come into existence in Europe ? Explain.

**OR**

**(b)** How did access to books create a new culture of reading? Explain.

26. "ऊर्जा सभी क्रियाकलापों के लिए आवश्यक है।" इस कथन की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए ।

"Energy is required for all activities." Explain the statement with examples.

27. भारत में महिलाओं की साक्षरता दर बढ़ाने के तीन उपाय सुझाइए।

Suggest three steps to enhance the literacy rate among women in India.

28. प्राथमिक एवं द्वितीयक क्षेत्रक में उदाहरणों सहित अंतर स्पष्ट कीजिए।

Differentiate between primary and secondary sectors with examples.

29. भारत में तृतीयक क्षेत्रक के बढ़ते महत्त्व की परख कीजिए।

Examine the rising importance of the tertiary sector in India.

## खण्ड-घ

## SECTION-D

30. **(क)** सविनय अवज्ञा आंदोलन में व्यवसायी वर्गों की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

**अथवा**

**(ख)** सविनय अवज्ञा आंदोलन में महिलाओं की भूमिका का विश्लेषण कीजिए ।

**(a)** Analyze the role of the business classes in Civil Disobedience Movement.

**OR**

**(b)** Analyze the role of women in Civil Disobedience Movement.

31. **(क)** भारत में आरंभिक जीविका निर्वाह और वाणिज्यिक कृषि की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए ।

